दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
वर्ष-5, अंक:146
जयपुर, बुधवार, 06 अगस्त 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें
अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अख़बार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

## 'परीक्षा पे चर्चा' को मिला गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड, 3.53 करोड़ से अधिक पंजीकरण और 21 करोड़ से अधिक टीवी दर्शक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। शिक्षा मंत्रालय और माईगॉव के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पीपीसी का आठवां संस्करण था। इस कार्यक्रम ने 3.53 करोड़ से अधिक पंजीकरण और 21 करोड़ से अधिक टीवी दर्शकों के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।

यहां आयोजित समारोह में आधिकारिक गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक ऋषिनाथ ने इस रिकॉर्ड को मान्य और घोषित किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव




और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने इस गौरवपूर्ण अवसर पर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र स्वीकार किया। इस मौके पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, माईगॉव के सीईओ नंद कुमारम और शिक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, स्कूलों और देशभर के शिक्षा से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित होने वाला 'परीक्षा पे चर्चा' आज न केवल छात्रों के लिए बहुप्रतीक्षित संवाद बन चुका है, बल्कि यह एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का रूप ले चुका है। यह कार्यक्रम परीक्षा के तनाव को कम करने, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और समग्र रूप से एक आनंदमयी शिक्षण प्रक्रिया को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने परीक्षा पे चर्चा को प्रधानमंत्री मोदी की एक अनूठी पहल बताया, जो छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाकर उनके स्वास्थ्य और तनाव-मुक्त शिक्षा को बढ़ावा देती है। उन्होंने इस अमृतकाल में छात्रों के लिए उपलब्ध करियर के व्यापक अवसरों पर प्रकाश डाला और कहा कि सबसे ज़्यादा पंजीकरण का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस पहल में जनता के मज़बूत विश्वास को दर्शाता है।

## सेना का मनोबल तोड़ने वाला बयान देते है राहुल गांधी: भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की सख्त टिप्पणियों को लेकर उनपर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी सेना का मनोबल तोड़ने वाला बयान देते हैं।भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है



कि राहुल गांधी की एक याचिका आज उच्चतम न्यायालय में लगी थी, जहां पर उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी से कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसा कभी नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी की भारतीयता पर इतनी गंभीर टिप्पणी की है। हर भारतीय इस बात से आहत है कि एक भारतीय विश्व में सबसे वीर भारतीय सेना के विषय में ये कैसे कह सकता है कि वो चीन से पिट रही है। राहुल गांधी चीन के साथ हैं।भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि जब गलवान में हमारी सेना ने शौर्य दिखाकर चीनी सेना को खदेड़ दिया था, तो राहुल गांधी ने बयान दिया था कि चीन ने 2 हजार वर्ग किमी की भूमि को कब्जा लिया है, भारतीय सेना चीनी सेना से पिट रही है। जिस संविधान को राहुल गांधी हाथ में लेकर घूमते हैं, उसको तार-तार करने का जिम्मा भी राहुल गांधी ने ही उठा रखा है। हमारी वीर सेना का मनोबल तोड़ने का काम राहुल गांधी और कांग्रेस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल ने वर्ष 2020 में चीन के साथ हुए गलवान घाटी संघर्ष के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में यह टिप्पणी की थी। विगत 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों को पीट रहे हैं। इस बयान को आधार बना कर बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ में राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करवाया था।

## राहुल गांधी भारतीय नहीं, पाक-बांग्लादेशी सोच के हैं : डॉ. हिमंत बिस्व सरमा

एजेंसी

**तामुलपुर (असम)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला करते हुए उन्हें भारत विरोधी बताया और आरोप लगाया कि उनकी सोच भारतीय मूल्यों की बजाय पाकिस्तान और बांग्लादेश की मानसिकता से मेल खाती है। मुख्यमंत्री ने बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) के तामुलपुर में भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी भारत के हिंदुओं और मुसलमानों के साथ नहीं हैं। वह भारत के साथ नहीं हैं। यह



बयान उस वक्त आया जब भाजपा 'बीजेपी फार प्रोग्रेसिव बीटीआर' नामक अभियान के तहत बीटीआर क्षेत्र के चारों जिलों - कोकराझाड़, बाक्सा, चिरांग और उदालगुड़ी में सघन जनसंपर्क कर रही है। इस चुनावी अभियान की अगुवाई स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए अन्य भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर सीएए और बेदखली अभियान का विरोध कर अतिक्रमणकारियों को प्रोत्साहित करने और क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। पार्टी की सख्त बेदखली नीति को विशेष रूप से अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। उदालगुड़ी जिले में मुख्यमंत्री के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान उन्हें नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच जैसे संगठनों और हास्य कलाकार बुलबुल शर्मा का समर्थन भी मिला, जिन्होंने भाजपा की स्थानीय लोगों के अधिकारों को लेकर उठाई जा रही मांगों का समर्थन किया। भाजपा ने आगामी 7, 12 और 13 अगस्त को बीटीआर की 12 परिषद सीटों में बैठकें तय की हैं। इसके अलावा, धुबड़ी और ग्वालपाड़ा में भी चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। भाजपा इन चुनावों को कानून-व्यवस्था और मूलनिवासियों के अधिकारों को लेकर जनमत संग्रह के तौर पर देख रही है और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अपनी नीति को चुनावी मुद्दा बना रही है।

## राष्ट्रपति से मिले विभिन्न राज्यों के प्रमुख जनजातीय प्रतिनिधि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विभिन्न राज्यों से आए प्रमुख जनजातीय प्रतिनिधियों के एक समूह ने 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। वे जनजातीय कार्य मंत्रालय के 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत राष्ट्रपति भवन आए थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के शिक्षित लोगों को अपने समुदाय के लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए और उन्हें इनका लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्हें विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों को भी साथ लेकर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल, जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम



और जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री दुर्गादास उइके भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने जनजातीय प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय के 'आदि कर्मयोगी अभियान' की शुरुआत 27 जून 2025 को की गई थी। यह अभियान विशेष रूप से शिक्षित, सक्रिय और समाजसेवा में रुचि रखने वाले जनजातीय युवाओं तथा समुदाय के प्रमुख लोगों को जोड़ता है। अभियान के अंतर्गत चयनित आदि कर्मयोगी को सरकारी योजनाओं, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आजीविका और अधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर समुदाय को जागरूक करते हैं, लोगों को योजनाओं की जानकारी देते हैं और उनका लाभ उठाने में मार्गदर्शन करते हैं।

## बाढ़ में फंसे सवा लाख लोगों तक योगी सरकार ने पहुंचाई राहत, राज्य के 17 जिले प्रभावित

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने, पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश के बाद अतिसंवेदनशील और संवेदनशील जिलों के अधिकारी हरकत में आ गये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारी अपने जिलों में बाढ़ की स्थितियों पर लगातार नजर बनाए रखे हैं। राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें भी मुस्तैदी से लोगों को राहत देने में लगी हुई हैं। बाढ़ के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के 57 जिलों में एनडीआरएफ की 14, एसडीआरएफ की 15 और पीएसी की 48 टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 17 जिलों की 40 तहसीलें और 694 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 1,16,403 लोग प्रभावित हैं। इन सभी को राहत पहुंचाई गयी है। वहीं बाढ़ की वजह से 4,682 मवेशियों को सुरक्षा स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 373 लोगों के मकानों को क्षति पहुंची है, जिनमें से 356 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 11,386 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में आया है। इन प्रभावित क्षेत्रों में 738 नावों और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा



रही है। इसके अलावा 4,867 नावों को प्रीपोजीशंड किया गया है। इन इलाकों में अब तक 9,467 खाद्यान्न पैकेट और 1,18,769 लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। वर्तमान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 39 लंगर के जरिये पीड़ितों को भोजन की सुविधा दी जा रही है। योगी सरकार के निर्देश के बाद बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के साथ मवेशियों की सुरक्षा और उनके खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अब तक मवेशियों के लिए 2,234 कुंटल भूसा वितरित जा चुका है। इसके अलावा 1,57,168 क्लोरीन टेबलेट और 1,21,476 ओआरएस पैकेट भी वितरित किए जा चुके हैं ताकि जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 924 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 18,772 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। वहीं अब तक इन सभी का 778 मेडिकल टीमों द्वारा मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। इसके साथ ही 1,193 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निगरानी रख रही हैं। अब तक 25,586 लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाज़ीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों की ओर से पेट्रोलिंग की जा रही है।

## कर्नाटक में अनुसूचितों को अंदरूनी आरक्षण पर नागमोहन दास आयोग ने सीएम को सौंपी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्य में अनुसूचित जातियों के अंदरूनी आरक्षण को लेकर बने न्यायमूर्ति एचएन नागमोहनदास आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को सौंप दी है। आयोग की 1766 पृष्ठों वाली विस्तृत रिपोर्ट में छह महत्वपूर्ण सिफारिशें शामिल की गई हैं। इसके साथ ही राज्य में लगभग 30 वर्ष से चल रहे अंदरूनी आरक्षण के संघर्ष अब सफल होने की कगार पर है। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने 1 अगस्त 2024 को दविंदर सिंह मामले में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए स्पष्ट किया था कि अनुसूचित जातियों के उपवर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप है। कोर्ट ने इसे सामाजिक न्याय का विस्तार करार देते हुए कहा था कि यह किसी समुदाय



के आरक्षण अधिकारों को प्रभावित किए बिना किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य सरकार ने जनवरी 2025 में न्यायमूर्ति एचएन नागमोहनदास के नेतृत्व में आयोग गठन किया था। आयोग ने 27 मार्च 2025 को अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए व्यापक और सटीक डेटा संग्रह की आवश्यकता बताई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने तत्काल एक समग्र सर्वेक्षण का निर्णय लिया। विशिष्ट जातियों के आरक्षण की कार्यान्वयन संबंधी अध्ययन के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश एचएन नागमोहन दास की समिति ने आज अपनी अध्ययन रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में सर्वेक्षण के डेटा और विवरणों के साथ मिलाकर कुल लगभग 1766 पृष्ठों और 6 सिफारिशों को शामिल किया गया है। इस रिपोर्ट को सामाजिक न्याय के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

## सांसद सुधा की चेन छीनने की घटना को लेकर कांग्रेस ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में कांग्रेस सांसद आर. सुधा से चेन छीनने की घटना को लेकर पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई सांसदों ने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली के दूतावास क्षेत्र को आमतौर पर सबसे सुरक्षित इलाकों में गिना जाता है, ऐसे में वहां एक महिला सांसद के साथ इस तरह की घटना का होना बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि जब आर. सुधा ने पास में मौजूद पुलिस वाहन से मदद मांगी तो उन्हें उचित जवाब नहीं मिला। प्रियंका ने कहा, अगर एक सांसद के साथ ऐसा व्यवहार होता है, तो आम महिलाओं की हालत की कल्पना करना भी मुश्किल है। यह साफ है कि पुलिस और प्रशासन को ज्यादा संवेदनशील और सतर्क होने की जरूरत है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने इस घटना को भाजपा सरकार की नाकामी बताया। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज बची ही नहीं है। दिल्ली में महिला सांसद की चेन छीन ली जाती है, बिहार में आए दिन हत्याएं हो रही हैं। इससे साफ है कि भाजपा शासन में जनता सुरक्षित नहीं है। केरल के सांसद कांग्रेस हिबी ईडन ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि सुधा जी ने पास के पुलिस थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स की उपाध्यक्ष ने की राज्यसभा के उपसभापति से मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की उपाध्यक्ष नुसरत गनी ने संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पीठासीन अधिकारियों ने नियमित संसदीय आदान-प्रदान सहित भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। हरिवंश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन की सफल यात्रा, जिसके दौरान ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर के मद्देनजर दोनों देशों के बीच व्यापार में वृद्धि का विश्वास भी व्यक्त किया। उपाध्यक्ष गनी संसद संचालन समूह में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की अध्यक्ष हैं और भारतीय संसद के कामकाज में एआई के अनुप्रयोग का पता लगाने के लिए भारत का दौरा कर रही हैं। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि भारत और ब्रिटेन अपने साझा इतिहास, मूल्यों और लोकतांत्रिक शासन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ संसदों के लिए उत्तरदायी प्रौद्योगिकी ढांचे को आकार देने में वैश्विक प्रयासों का संयुक्त रूप से नेतृत्व करने की विशिष्ट स्थिति में हैं। एआई के महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक परिवर्तनकारी उपकरण है जो संसद के कामकाज में सहयोग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम अपने कर्मचारियों के लिए एआई उपकरणों का प्रभावी ढंग से



उपयोग करने को लेकर नियमित विशेषज्ञ सत्र और कौशल विकास कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। नुसरत गनी ने संसद में एआई के उपयोग और संस्थान द्वारा प्रौद्योगिकी को अपनाने में प्राप्त प्रगति पर लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय द्वारा प्रस्तुत व्यावहारिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उपाध्यक्ष गनी की यह यात्रा लोकसभा अध्यक्ष की जनवरी 2025 में ब्रिटेन यात्रा के बाद हो रही है, जहां हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष के साथ बातचीत के दौरान भारतीय संसद में एआई के उपयोग पर प्रकाश डाला गया था।

## जाति और धर्म आधारित आदेश पर सीएम योगी नाराज, अधिकारी सस्पेंड

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायती राज विभाग के उस आदेश पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें ग्राम सभा की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई को खास जाति (यादव) और धर्म (मुस्लिम) से जोड़कर निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने इस आदेश को भेदभावपूर्ण और अस्वीकार्य बताते हुए इसे तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए संबंधित संयुक्त निदेशक एस.एन. सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस तरह की भाषा और सोच न सिर्फ शासन की नीति के खिलाफ है, बल्कि समाज में विभाजन पैदा करने वाली है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह से निष्पक्ष, तथ्यों और कानून के अनुसार होनी चाहिए, न



कि जाति या धर्म के आधार पर।उन्होंने यह भी कहा कि आगे से ऐसी गलती न हो, इसका सख्त ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार समरसता, सामाजिक न्याय और सभी के समान अधिकारों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियां किसी भी व्यक्ति, समुदाय या वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह पर आधारित नहीं हो सकतीं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की नीति संविधान और न्याय की मूल भावना पर आधारित है, न कि किसी भेदभाव पर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में एक कार्यक्रम के दौरान विपक्षी दलों को भी घेरा। उन्होंने कहा, सनातन धर्म के बढ़ते गौरव से कांग्रेस और सपा परेशान हैं। पहले की सरकारें आतंकियों को संरक्षण देती थीं और सनातन धर्म की परंपराओं को कमजोर करने का प्रयास करती थीं, लेकिन अब भारत अपनी आध्यात्मिक विरासत के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सहारनपुर क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर दिया है और विकास तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक नया अध्याय शुरू किया है।

## मायावती ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के संस्थापक व आदिवासी समाज के जाने-माने दिग्गज नेता शिबू सोरेन का आज निधन हो जाने की खबर अति-दुखद है। उनके पुत्र तथा वर्तमान में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व उनके परिवार के साथ-साथ उनके समस्त समर्थकों एवं अनुयाइयों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सबको इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। शिबू सोरेन किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे। हेमंत सोरेन ने अपने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है।

## एसआईआर के विरोध में राहुल गांधी-तेजस्वी यादव की 'वोट अधिकार यात्रा' स्थगित

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस ने 10 अगस्त को 'वोट अधिकार यात्रा' निकालने का फैसला लिया था, लेकिन बाद में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया। इसकी जानकारी राजद ने दी है। राष्ट्रीय जनता दल ने वोट अधिकार यात्रा को स्थगित करने के संबंध में एक पत्र जारी किया है। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की 'वोट अधिकार यात्रा' को आगे बढ़ाया गया है। पहले यह यात्रा



राखी के बाद 10 अगस्त से होनी थी। हालांकि, यात्रा की नई तारीख अभी जारी नहीं की गई है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के 'वोट अधिकार यात्रा' कार्यक्रम की सूचना निर्गत की गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यात्रा कार्यक्रम की तिथि में बदलाव हुआ है, इसलिए नई तिथि की घोषणा तक इस सूचना को निरस्त माना जाए। आगामी कार्यक्रम की सूचना समय पर दी जाएगी। बता दें कि बिहार मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने 1 अगस्त को पहला संशोधित वोटर लिस्ट ड्राफ्ट जारी किया था। राज्य के सभी 38 जिलों के लिए जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सबसे ज्यादा वोटरों के नाम पटना जिले में कटे हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मधुबनी और तीसरे नंबर पर पूर्वी चंपारण है।

# अब आम आदमी क्लीनिकों में व्हाट्सएप के जरिए मिलेंगी दवाइयाँ, जाँच रिपोर्ट और डॉक्टर से अपॉइंटमेंट की तारीखें

**अमृतसर, : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार, मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में, पंजाब के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए राज्य में 200 और आम आदमी क्लीनिक खोल रही है। आप के शहरी ज़िला अध्यक्ष प्रभबीर सिंह बराड़ ने अमृतसर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 33 में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बूथ स्तरीय बैठक करते हुए कहा कि आम आदमी क्लीनिक मॉडल देश में एक सफल मॉडल बन गया है। पंजाब में 200 नए क्लीनिक खुलने से अब पूरे पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की संख्या बढ़कर 1081 हो जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष-शहरी प्रभबीर सिंह बराड़, पार्षद अशनूर कौर, जिला महासचिव मुखविंदर सिंह विरदी, संगठन हलका प्रभारी बॉबी बावा, जिला मीडिया प्रभारी सतनाम सिंह मठारू, ब्लॉक प्रभारी संजीव लांबा, जगजीत सिंह, सचमन, सन्नी, राजू, राजदीप सिंह और सुखविंदर सिंह आदि उपस्थित थे। श्री बराड़ ने कहा कि 200 और क्लीनिक खुलने से लोगों को अपने घरों के पास ही आम आदमी क्लीनिक की सुविधा मिलेगी और लोगों को इलाज के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा।
आम आदमी क्लीनिकों को व्हाट्सएप चैटबॉट से जोड़ने को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि अब हर मरीज जब चाहे अपने फोन पर ही अपनी दवा, टेस्ट रिपोर्ट, दवाइयाँ आदि देख सकता है। उन्होंने कहा कि यह कदम पूरे पंजाब के लिए एक बड़ा बदलाव है और चूँकि पंजाब में 90% लोगों के पास स्मार्ट फोन हैं, इसलिए यह जानकारी सीधे लोगों तक पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि अब मरीज को दवाइयों के पर्चे और टेस्ट रिपोर्ट साथ रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## शहीद मदन लाल ढींगरा जी का शहीदी दिवस 17 अगस्त को मनाया जाएगा- विधायक गुप्ता

**अमृतसर, 4 अगस्तः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )**
हर साल की तरह, पंजाब सरकार इस साल भी शहीद मदन लाल ढींगरा जी का शहीदी दिवस राज्य स्तर पर मनाएगी। इस अवसर पर, गोलबाग स्थित शहीद मदन लाल स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर, अमृतसर सेंट्रल के विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार इस दिवस का राज्य स्तर पर आयोजन कर रही है और पंजाब के कैबिनेट मंत्री और विधायक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे और शहीद को श्रद्धांजलि देंगे।
इस संबंध में तैयारियों की समीक्षा करते हुए, अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता ने अधिकारियों को स्मारक के आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीत भी गाए जाएँगे और शहीद मदन लाल ढींगरा जी की जीवनी पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया जाएगा।

## नशों के विरुद्ध जंग के 'जरनैल' बनकर गाँवों और शहरों की रक्षा करेंगे डिफेंस कमेटियों के सदस्य- मुख्यमंत्री

### डिफेंस कमेटियों के सदस्यों को पहचान पत्र बांटे



**लुधियाना, 5 अगस्तः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब में 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम अंतिम दौर में पहुँच चुकी है और गाँवों और शहरों के लिए डिफेंस कमेटियाँ पंजाब में से नशा तस्करी का नामोनिशान मिटा देंगी।
आज यहाँ गाँवों और शहरों के लिए गठित की गईं डिफेंस कमेटियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने गत 4 फरवरी से राज्य में 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम की शुरूआत की थी, जिसके तहत नशों की बीमारी को जड़ से उखाड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम से नशों की सप्लाई लाइन लगभग टूट चुकी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह इस बात के लिए सभी पंजाबियों का धन्यवाद करते हैं कि सरकार के इस नेक कार्य में सभी पंजाबी बढ़-चढ़कर सहयोग दे रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गाँवों और शहरों को भविष्य में नशों की लानत से मुक्त रखने के लिए डिफेंस कमेटियों का गठन किया गया है। भगवंत सिंह मान ने डिफेंस कमेटियों के सदस्यों को मुखातिब होते हुए कहा, ह्लमुझे पूरा विश्वास है कि आप नशों के विरुद्ध जंग के जरनैल बनकर गाँवों और शहरों की रक्षा करेंगे। हमने पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने का सपना देखा है और आप सभी के सहयोग से इस सपने को साकार करने में दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। हम पंजाब की आन, गौरव और स्वाभिमान को बहाल करने का संकल्प लेते हैं ह्व
मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि विलेज डिफेंस कमेटियाँ और वार्ड डिफेंस कमेटियों का गठन चार सदस्यीय कमेटी करेगी जिनमें गाँव का सरपंच या वार्ड का काउंसलर, 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का सदस्य, बी.डी.पी.ओ. या बी.डी.पी.ओ. का प्रतिनिधि और एस.एच.ओ. या एस.एच.ओ. का प्रतिनिधि शामिल होगा। उन्होंने बताया कि इन कमेटियों में आबादी के हिसाब से 10 से 20 सदस्य होंगे। इन डिफेंस कमेटियों में नशों की बीमारी के खिलाफ काम कर रहे साफ छवि वाले लोगों को शामिल किया जाएगा, जिनमें सेवानिवृत्त सैनिकों, अध्यापकों और नंबरदारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कमेटी संबंधित इलाके के एस.डी.एम. द्वारा नोटिफाई की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इन कमेटियों के सदस्यों को सरकार द्वारा विशेष पहचान पत्र भी जारी किए जाएँगे ताकि नशा तस्करों के बारे में कोई भी सूचना देने या नशों की रोकथाम के बारे में अन्य गतिविधियाँ करवाने के बारे में प्रशासन से संपर्क कायम किया जा सके। उन्होंने कहा कि गाँव या वार्ड में 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई तस्कर नशा बेचने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि इन कमेटियों के सदस्य नशा छुड़ाने के कार्यक्रमों में भी पीड़ितों की मदद करेंगे और नशा छोड़ने वालों के पुनर्वास के लिए प्रयास किए जाएँगे।

# मुख्यमंत्री ने बहनों से बंधवाई राखी, सुपोषित राजस्थान का लिया संकल्प



जयपुर, 5 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र हमारे समाज में संस्कारों के केन्द्र हैं। शिशु की पहली गुरू माता होती है। दूसरी गुरू आंगनबाड़ी की माता-बहनें हैं। इस भूमिका में वे पोषण वितरण के साथ नौनिहालों को मजबूत और स्वस्थ करने का भी कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्त होगी तो ही देश एवं प्रदेश सशक्त बनेगा। हमारी सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देते हुए प्रदेश को सुरक्षित, विकसित और नारी सशक्तीकरण का एक रोल मॉडल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुपोषित राजस्थान के लिए आंगनबाड़ी बहनों को पोषण की शपथ भी दिलवाई।

श्री शर्मा मंगलवार को बिडला सभागार में मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-आंगनबाड़ी बहन सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें प्रदेश की महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनके स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं नारी तू नारायणी की भावना को साकार करते हुए बहन, पत्नी, माता, संरक्षक के रूप में बखूबी काम कर रही हैं। ग्रामीण तथा शहरी परिवेश में महिलाएं घर-परिवार को आगे बढ़ाती हैं। समारोह में मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार सहित आंगनबाडी बहनों से राखी बंधवाई। श्री शर्मा को महिलाओं ने तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा तथा नारियल भी भेंट किया। श्री शर्मा ने भी राखी के उपहार स्वरूप प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को डीबीटी के माध्यम से 501-501 रुपये की राशि हस्तांतरित की। आंगनबाड़ी बहनों को छाता एवं मिठाई भी उपहार स्वरुप भेंट किए गए। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि बहनों के द्वारा मेरी कलाई पर बांधी गई यह राखी मेरा सुरक्षा कवच है। मैं बहनों की सुरक्षा एवं सम्मान का वादा करता हूं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राखी के अवसर पर प्रदेश की बहनों के लिए रोडवेज बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन की सरकार सेवा, सुरक्षा और सशक्तीकरण की सोच के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका एवं साथिन के मानदेय में वर्ष 2024 एवं 2025 में 10-10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई। हमारी सरकार ने राज्य में एक हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, 2 हजार 365 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र विकसित करने, आंगनबाडी केंद्रों पर मूलभूत सुविधा बढ़ाने, केंद्रों की मरम्मत के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत करने जैसे निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रदेश के लगभग 40 लाख बच्चों और महिलाओं को माइक्रो न्यूट्रिएंट फोर्टिफाइड पूरक पोषाहार आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 5 दिवस गरम मीठा दूध उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना लागू की गई है।

## सावन के अंतिम सोमवार पर शिव भक्तों ने चौलाई में धूमधाम से चढ़ाई कांवड़, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

**अजय सिंह (चिंटू)**
**जयपुर** - सावन माह के पावन अंतिम सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ चौलाई की ढाणी स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा सम्पन्न की गई। यह यात्रा जयपुर स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल गलता जी से 2 अगस्त की रात 2:15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार, मंगल आरती और पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई थी। भक्तों ने रास्ते भर "हर हर महादेव", "बोल बम", "ओम नमः शिवाय" के जयकारों के साथ डीजे की भक्ति धुनों पर नृत्य करते हुए भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर यात्रा पूरी की। गीतों के स्वर– "कांधे कांवड़ उठाले", "भोले की मस्ती छाई है", "शिव की कांवड़ लाएंगे" – भक्तों की आस्था का प्रतीक बन गए। लगभग 7 घंटे की पदयात्रा के बाद सोमवार प्रातः 9:15 बजे शिवलिंग पर गंगाजल से कांवड़ अर्पित कर रुद्राभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला।



**इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से शामिल रहे भक्तगणः** शिवलाल कुमावत, खेमराज कुमावत, मनोज कुमावत, विकास कुमावत, अंकित कुमावत, विमल कुमावत, कुलदीप कुमावत, सुनील कुमावत, महेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे। सावन मास के इस अंतिम सोमवार पर सम्पन्न हुई यह कांवड़ यात्रा श्रद्धा, सामूहिकता और शिवभक्ति की अनुपम मिसाल बन गई।

## एनसीपीएसएल की कक्षाओं की तैयारीयों एवं भारतीय सिंधु सभा की विभिन्न इकाईयो के गठन की रुपरेखा बनाई



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल,** एनसीपीएसएल की कक्षाओं की तैयारीयों एवं भारतीय सिन्धु सभा की विभिन्न इकाइयों के गठन की तैयारीयों के लिए भारतीय सिंधु सभा राजस्थान के महामंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विभिन्न निर्णय लिए गए। प्रदेश संस्कृति मंत्री राजकुमार दादवानी ने बताया की सिंधी भाषा एवं संस्कृति के विस्तार के लिए एनसीपीएसएल की एक सितम्बर से लगने वाली कक्षाओं की तैयारीयों के लिए आनन्द नगर कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित बैठक में सभी शिक्षा मित्रों एवं सुपरवाइजरो को एनसीपीएसएल के नियमों की जानकारी साझा करते हुए सभी शिक्षा मित्रों एवं सुपरवाइजरो को अपनी अपनी तैयारियां जल्द ही पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से भारतीय सिंधु सभा की खैरथल जिला स्तरीय,युवा, मातृ शक्ति इकाई के गठन की रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान संभाग प्रभारी प्रताप कटहरा ने हालही मुम्बई में भारतीय सिंधु सभा की आयोजित राष्ट्रीय प्रतिनिधि बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुए विचारों की जानकारी साझा कर बताया की शहर के समीपवर्ती वल्लभग्राम स्थित स्वामी लीलाशाह आश्रम कुटिया पर 25 व 26 अक्टूबर को संभाग स्तरीय मातृशक्ति सम्मलेन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों को जल्द ही जिम्मेदारीया सौपी जाएगी। इस दौरान भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, मुखी अशोक महलवानी, संभाग प्रभारी प्रताप कटहरा,प्रदेश संस्कृति मंत्री राजकुमार दादवानी, इकाई अध्यक्ष नत्थूमल रामनानी, सचिव विजय बच्चानी,भगवानदास दादवानी, अर्जुनदास असरानी,पीकू लालवानी,दिनेश माखीजा,बोनी जयवानी, विक्की लालवानी, अजित मांगलानी,राजा मंगलानी, हरिराम रामानी, बाबूलाल गोरवानी, करमचंद लखवानी,शिशुपाल रेलवानी, रामचंद्र खतनानी,विजय मंघनानी दिलीप पोपटानी,सोनू सहित मातृशक्ति नीतू खजनानी, मोनिका मदान, जीया महलवानी, मानसी करमवानी, संध्या सदनानी, ज्योति पारानी आदि मौजूद रही।

## छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**खैरथल (अमित शर्मा)**



खैरथल छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार को ओमवीर रहीसा के नेतृत्व में खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा इस मौके पर हेमंत गुर्जर, अंकित जोशी, रवि सेन, उज्जवल लखेरा , प्रथम डाटा, हिमांशु, गौरी शंकर, ललित गुर्जर, अनूप गुर्जर, मोहित कौशिक, हेमंत शर्मा,। शुभम शर्मा, धैर्य भारद्वाज, आदि छात्र मौजूद रहे

## बिड़ला सभागार में आंगनबाड़ी बहन सम्मान समारोहह्न को संबोधित किया



**मुख्यमंत्री श्री भजन**लाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में ह्यआंगनबाड़ी बहन सम्मान समारोहह्न को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आंगनबाडी बहनों से राखी बंधवाई। इस दौरान श्री शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को राखी के उपहार स्वरूप 501-501 रुपये की राशि हस्तांतरित की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बहनों को छाता एवं मिठाई भी उपहार स्वरुप भेंट किए गए। समारोह में मुख्यमंत्री ने कुपोषित बच्चों के लिए दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम करते हुए दूध युक्त बालाहार प्रीमिक्स पैकेट का शुभारंभ भी किया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी बहनों को पोषण शपथ भी दिलवाई।

## कोठार भूताराम देवासी के घर मवेशियों के बाड़े के अंदर घुसकर पैंथर ने 2 बकरियों का शिकार, दहशत में आए ग्रामीण



**बाली उपखंड** कोठार मे पेंथर जवाई कंजर्वेशन में लगातार पैंथर का बढ़ता कुनबा यहां के ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है सूचना के बाद जवाई वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाड़े में बकरी को देखकर डॉक्टर ने पोस्मार्टम किया और अभी आए दिन पैंथर का मूवमेंट ग्रामीण इलाकों में बड़ रहा है दो दिन पहले लिलोडा पाहाड़ी के पास पशुपालक के सामने बकरी पर पेंथर ने अटेक किया और यह 2 दिन बाद पेंथर ने रात को अटेक पैंथर ने गांवों में आकर पशुपलकों के मवेशियों व भेड़ बकरियां को अपना शिकार बना चालू कर दिया है सोमवार रात को पैंथर ने कोठार गांव की ढाणी में भूताराम देवासी के मकान के पास बने बाड़े में बकरियों पर हमला करते हुए 2 बकरियों को अपना शिकार बनाया सुबह जब भूताराम देवासी बाड़े में गया तो पैंथर ने बकरी का शिकार किया हुआ इसके बाद वह बाहर आ गया और ग्रामीणों को आस-पास पशुपालकों को इसकी सूचना दी ग्वाला भूताराम देवासी ने बाड़े को बंद कर दिया और वन विभाग की टीम को भी इसकी सूचना दी सूचना जवाई वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने कहा कि आए दिन कोठार क्षेत्र में पेंथर का मूवमेंट ग्रामीण इलाकों में बड़ रहा है इस इलाकों में पैंथर पशुपालकों को नुकसान पहुंचा रहा है जवाई वन विभाग पैंथर के मूवमेंट को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है मवेशियों के पशुपालक के मकान के पास बाड़े में घुसकर पेंथर शिकार 2 बकरियों का शिकार, किया दहशत में आ

## संदीप यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आभार प्रकट किया तथा पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेश भर में कार्य करने का विश्वास दिलाया

**जयपुर दिनांक 5 अगस्त।**
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस सहकारिता विभाग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री संदीप यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आभार प्रकट किया तथा पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेश भर में कार्य करने का विश्वास दिलाया तथा बेगू विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष मंडल मंडल अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र बिधूड़ी के नेतृत्व में, पाली के कांग्रेस कार्यकर्ता लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती संगीता बेनीवाल के नेतृत्व में तथा राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी रहे दामोदर गुर्जर के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा से मिले और उन्हें 5 वर्ष के सफल कार्यकाल पर बधाई देते हुए संगठन के कार्यों को तत्परता से करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में जो शक्तियां शासन कर रही है वो लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती हैं और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मजबूती देश में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और संवैधानिक मूल्यों के रक्षा के लिए आवश्यक है इसलिए कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को आमजन के बीच जाकर उनके सुख-दुख में भागीदारी निभानी होगी तथा भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जन विरोधी कृत्यों को उजागर करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस के कार्यकरता कमर कस कर पार्टी की विचारधारा को आम जन के बीच ले राज संस्थाओं के चुनाव में कांग्रेस की विजय के लिए तन मन से कमर कस कर जुट जाएं।

## भवन निर्माण विभाग ब्रांच कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन संपन्न, पवनपाल सिंह बने नए प्रधान

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के भवन निर्माण विभाग ब्रांच कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन आज कैथल में निवर्तमान ब्रांच प्रधान हाकम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण चुनावी बैठक में राज्य वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, जिला प्रधान रघुबीर सिंह और जिला सचिव पवन बतौर चुनाव पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरूआत रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला उपप्रधान ईश्वर सिंह सिरोही ने उद्घाटन भाषण से की, जबकि राज्य महासचिव कपिल सिरोही ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया।
सभा में ब्रांच सचिव पवनपाल सिंह ने बीते तीन वर्षों की गतिविधियों और वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित सभी डेलीगेट्स ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से पारित किया। इसके बाद ब्रांच प्रधान हाकम सिंह ने कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से भंग करने की घोषणा की।
नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार चुनी गईः
ब्रांच प्रधान : पवन पाल सिंह
सचिव : संदीप कुमार
कोषाध्यक्षः शीशपाल सिंह
वरिष्ठ उप-प्रधानः हाकम सिंह
उप-प्रधान : प्रदीप

## जर्जर चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश निषेध, तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश–

जयपुर, 5 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निदेशों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक राजकीय चिकित्सा संस्थानों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर रहे हैं। प्रदेश के जर्जर और अधिक मरम्मत की आवश्यकता वाले चिकित्सा संस्थान के भवनों पर ह्यजर्जर भवन-प्रवेश निषेधह्न का बोर्ड डिस्पले कर उपयोग तुरंत बंद किया जा रहा है तथा प्राथमिकता के साथ इनका रिनोवेशन सुनिश्चित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों का गहन निरीक्षण करें और गंभीरता के साथ सुधारात्मक कार्यवाही करें। कहीं भी लापरवाही सामने आई या किसी भी प्रकार की क्षति हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती राठौड़ ने अधिक वर्षा के कारण आरजीएचएस, टीबी एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग व उपचार, मौसमी बीमारियों और दवाइयों की उपलब्धता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी जिलों के साथ विस्तार से चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## प्रदेश में सुदृढ़ होंगी नि:शुल्क जांच सुविधाएं– हब एवं स्पॉक मॉडल से गांव-कस्बों तक बढ़ेगा जांचों का दायरा

**जयपुर, 5 अगस्त।** प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में विभिन्न रोगों की जांच सुविधा को बेहतर बनाने के लिए प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण कर उन्हें मदर हब एण्ड स्पॉक प्रयोगशालाओं के रूप में बदला जाएगा। हब एवं स्पॉक मॉडल के तहत मदर लैब, हब लैब एवं स्पोक्स के माध्यम से जिला चिकित्सालयों में 145, उप जिला चिकित्सालयों व सैटेलाइट चिकित्सालयों में 117, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 101, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा डिस्पेन्सिरियों में 66 प्रकार की जांचें आउटसोर्स मोड पर उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## सावन महोत्सव मनाया




**झुंझुनू।** अम्बेडकर नगर, बाकरा रोड स्थित जी.बी. मोदी विद्या मन्दिर में ह्यह्यसावन महोत्सवह्यह्य हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार केजड़ीवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, म्यूजिकल चेयर, सुनो और जीतो, मेमोरी गेम्स, रिंग गेम्स, बिंदी चिपकाओ, हाऊजी और लक्की ड्रा आदि हुए। विद्यालय की छात्राओं व सभी अभिभावकों द्वारा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ-साथ विभिन्न वस्तुओं व मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं की स्टॉल लगाई गई, जिसमें अपने बच्चों के साथ अभिभावकों व अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी इस महोत्सव का आन्नद लिया। खेल व नृत्य प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी अनिता बंसल ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की दी जानकारी बुगाला



**झुंझुनू।** जांगिड़ समाज के उत्थान के लिए अजाड़ीकला के वरिष्ठ अधिवक्ता नरोत्तम लाल जांगिड़, आरएएस ओपी कोटा व एआईसीसी सदस्य हरिशंकर जयपुर विधायक बालमुकुन्दाचार्य से मुलाकात की। इस दौरान अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए विधायक ने विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह केंद्र सरकार की योजना है जो कारीगरों व शिल्पकारों को बिना किसी गारंटी के ऋण, प्रशिक्षण व आधुनिक उपकरण देने का काम करती है। जांगिड़ समाज भी इसका एक अंग है। समाज के लोग ऋण लेकर नए यंत्र संयंत्र स्थापित कर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। इस योजना का बढ़ई, दर्जी, सुनार, कुम्हार लाभ ले सकते हैं। इसमें तीन लाख रुपए का ऋण अल्प ब्याज दरों पर मिलता है। अपना आधार कार्ड व पहचान पत्र व फॉर्म भरकर लाभ ले सकते हैं। एडवोकेट नरोत्तम जांगिड़ ने बताया कि इसके लिए जल्द ही अधिक अजाड़ीकला गांव में शिविर लगाया जाएगा।

## सोनी को मिला मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न पुरस्कार




**झुंझुनू।** महान साहित्यकार उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती पर सियाम ऑडिटोरियम राज्य कृषि एवं प्रबंधन संस्थान दुगार्पुरा, जयपुर में मनाई गई। समारोह में शब्दाक्षर के झुंझुनू जिला अध्यक्ष रमाकांत सोनी व जिला उपाध्यक्ष तेजसिंह राठौड़ को मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न पुरस्कार से नवाजा गया जिसमें शॉल, प्रतीक चिह्न व सर्टिफिकेट दिए गए। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कविता लेखन के लिए प्रदान किया गया। मंच पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा संस्था संयोजक डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना, महासचिव अजीत सक्सेना, अध्यक्ष रवि माथुर, कोषाध्यक्ष रतन सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुप सक्सेना, कॉर्डिनेटर सुनील श्रीवास्तव, संगठन सचिव संदीप सक्सेना, उपाध्यक्ष शोभा सक्सेना, राधे गोविन्द माथुर, एसके श्रीवास्तव थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड़ ने शेखावाटी के दोनों साहित्यकारों को बधाई देते हुए नवलगढ़ के श्रीकांत पारीक, सुरेश कुमार जांगिड़, महेंद्र कुमार कुमावत, मुरली मनोहर चोबदार, पंकज शाह, अनिल बिरोलिया, ओमप्रकाश सैनी, संत कुमार सोनी, डॉ अनिल कुमार शर्मा, महेश मिश्रा, डॉ कैलाश शर्मा, ठाकुर आनंद सिंह शेखावत, डा अरविंद वशिष्ठ, डॉ के डी यादव, कैलाश चोटिया, डॉ मनीष शर्मा, डॉ मीनाक्षी जांगिड़, योगेन्द्र मिश्रा ने साहित्यकारों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## धूमधाम से मनाया आंगनवाड़ी महिला सम्मान दिवस



**झ ुंझ ुन ू।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी महिला सम्मान दिवस का आयोजन मंगलवार को सूचना केंद्र सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल रूप से आंगनबाड़ी कार्यकताओं को संबोधित किया । इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं के बैंक खातों में 501 रुपए की सम्मान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं के योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें मिठाई और उपहार स्वरूप छाता वितरित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरि थी जबकि अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने की। इस अवसर पर दोनों ही अतिथियों ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं से राखी बंधवाकर भाईचारे, स्नेह और समर्पण का संदेश दिया।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बैठक आयोजित



**झुंझुनू।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी झुंझुनू जिला कमेटी की विस्तृत मीटिंग पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्षता कॉमरेड सुमेर बुडानिया ने की एवं पर्यवेक्षक राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं पूर्व एमएलए धोद कॉमरेड पेमाराम थे। कॉमरेड पेमाराम ने बताया कि 26 जुलाई 2025 को सीकर में स्मार्ट मीटर पर राज्य कन्वेंशन हुआ था उसको जिले में लागू करने के लिए कार्ययोजना बनानी है । जिले के सभी जनसंगठनों एवं शोषण के खिलाफ लड? वाले लोगों को मिलाकर बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा। इसको लेकर जिले के तमाम उपभोक्ता, जनप्रतिनिधिओं को शामिल कर एक मीटिंग रखी जाएगी ताकि इस आंदोलन को एक व्यापक जनआंदोलन बनाया जा सके। पूर्व उप जिला प्रमुख कॉमरेड विद्याधर गिल ने बताया कि यह सरकार कॉर्पोरेट घरानों के लिए काम कर रही है। जो सामान्य मीटर काम कर रहा है उसको बदल के स्मार्ट मीटर लाया गया है ताकि भारी मात्रा में कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा सके। सरकार और कॉरपोरेट के इस गठजोड़ को तोड? के लिए हमें गाँव-गाँव में बिजली उपभोक्ता संघर्ष समितियों का गठन करना पड़ेगा तब ही इस सरकार को झुकाया जा सकता है। माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड फुलचन्द बर्बर ने बताया कि यह लड़ाई बहुत ताकतवर लोगों के खिलाफ है इसलिए इस लड़ाई में हम सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है एवं संघर्ष समिति के निदेर्शों की अनुपालना करनी है ताकि अनुशासित तरीके से इस लड़ाई को मंजिल तक पहुंचाया जा सके। माकपा जिला सचिव कॉमरेड राजेश बिजारणिया ने कहा कि हम जिले के सभी जनसंगठनों से सम्पर्क कर रहे हैं ताकि बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति का गठन किया जा सके एवं 26 जुलाई 2025 के राज्य कन्वेंशन में लिए गये फैसलों को लागू कर इस आंदोलन को और तेज कर सकें। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के मलसीसर तहसील सचिव कॉमरेड महिपाल पूनिया ने बताया कि आज जो स्मार्ट मीटर पच्चीस सौ रुपये में मिल रहा है। यह स्मार्ट मीटर योजना पूर्णतया लागू होने पर यही स्मार्ट मीटर पच्चीस हजार रुपये में मिलने लगेगा। किसान सभा के जिलाध्यक्ष कॉमरेड गिरधारी महला ने कहा कि यह हमारे पास एक अच्छा अवसर है इसमें हम सरकार को भी झुकाएँगे एवं अपनी किसान सभा को भी मजबूत करेंगे। किसान सभा के गुढा तहसील अध्यक्ष कॉमरेड मूलचंद खरींटा ने कहा कि जनता इस आंदोलन में शरीक होने के लिए तैयार है। हमें तो गाँव-गाँव में कमेटियां बनाकर उनको अपना फण्ड इक्ठा करके आ जिला मुख्यालय पर आने के लिए साधन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि जब जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन हो तो राजस्थान के विधानसभा हिल जाए। किसान सभा चिड़ावा तहसील अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह चाहर ने कहा कि हमें 2005 के बिजली आंदोलन की तर्ज पर इस आंदोलन को आगे बढ़ाना है। डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि नौजवान सभा इस आंदोलन में बढ़ चढकर हिस्सा लेगी और जो लोग इस आंदोलन में हिस्सा लेंगे वो ही भविष्य की नेता होंगे क्योंकि संघर्ष कभी भी जाया नहीं जाता है।

## राजस्थान कृषि महाविद्यालय में कृषक संवाद कार्यक्रम– जनसंख्या वृद्धि के साथ अन्नदाताओं ने बनाया खाद्यान्न में आत्मनिर्भर–

**जयपुर , 5 अगस्त।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि कृषि बढ़ती है, तभी देश आगे बढ़ता है। खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा बचती है और कृषि आधारित उद्योग धंधे भी तेजी से पनपते हैं। इसलिए कृषि क्षेत्र के विकास में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजते हुए तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को उदयपुर में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित प्रगतिशील किसान संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बागडे ने कहा कि आजादी के समय देश की आबादी 36 करोड़ थी। इनके लिए पर्याप्त अन्न नहीं था। विदेशों से खाद्यान्न मंगवाना पड़ता था। तब देश के अन्नदाताओं ने मेहनत कर लोगों का पेट भरा। वर्तमान में आबादी 147 करोड़ हो चुकी है। कृषि भूमि भी कम हुई है लेकिन देश में कृषि क्षेत्र ने तेजी से विकास किया। अन्नदाताओं ने इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उत्पादन बढ़ाया। इसी के परिणामस्वरूप देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनने की राह पर है। आने वाले समय में चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कृषि क्षेत्र में नवीन शोध और उन्नत तकनीक पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है।

**भारत के पुरातन ज्ञान को कम नहीं आंके–**

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारत की पुरातन ज्ञान संपदा अतुलनीय है। हर विषय पर यहां बहुत पहले ही शोध कार्य हो चुके हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में चक्रपाणि मिश्र की पुस्तक 'विश्व वल्लभ' का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने खेत, सिंचाई की तकनीकों पर सदियों पहले ही लिख दिया है।

**शिक्षा वहीं जो हर चुनौती का सामना करना सिखाए–**

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ अंक लाना नहीं है। शिक्षा का सीधा संबंध बौद्धिक क्षमता विकास से है। सच्ची शिक्षा वहीं है, जो विद्यार्थी को हर चुनौती का सामना करने के योग्य और समाधान करने में सक्षम बनाए। श्री बागडे ने स्वामी विवेकानंद, झांकी की रानी और वीरबाला कालीबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षमता, सामर्थ्य और भाव आयु के मोहताज नहीं होते। इन विभूतियों ने अल्प वय में जो भाव दिखाए, वह वंदनीय हैं।

## आरयूआईडीपी की वार्ड पार्षदों और नगरपालिका के अधिकारियों के लिए एफएसएसएम प्रोजेक्ट पर जोबनेर में एग्जिट कार्यशाला आयोजित




**जोबनेर। राजस्थान** नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की ओर से जोबनेर में फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (एफ.एस.एस.एम) प्रोजेक्ट पर एग्जिट कार्यशाला आयोजित की गई। एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वार्ड पार्षदों, नगरपालिका के अधिकारियों व अन्य हितधारकों के लिए श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के एक्सटेंशन थियेटर सभागार में किया गया। कार्यक्रम में एफएसएसएम प्रोजेक्ट के स्वरूप, शहर में निर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के उपयोग, लाभ, रख-रखाव, संचालन व संधारण, वित्तीय स्थायित्व, जेंडर समानता और सामाजिक समावेशन, विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका, आई.ई.सी. गतिविधियां, जन-जागरूकता एवं अन्य परियोजना विषयों पर आमुखीकरण के साथ विस्तृत चर्चा की गई और प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। एग्जिट कार्यशाला में जानकारी दी गई कि आरयूआईडीपी द्वारा चतुर्थ चरण में जोबनेर में सैनिटेशन व स्वच्छता के लिए एफएसएसएम संबंधी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इसके अन्तर्गत प्रतापपुरा गांव के पास फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात नगर पालिका द्वारा एक हेल्पलाइन या टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है।

## लाडो सम्मान समारोह में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान



**झुंझुनू।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को परमवीर शहीद पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाडो सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सरकारी स्कूलों की उन बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त किए या विभिन्न शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने छात्राओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा प्रतिभाएं तब निखरती हैं जब उन्हें सही समय पर प्रोत्साहन और मंच मिलता है। इस तरह के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास भरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी भी जरूरी है। दोनों के संतुलन से न केवल व्यक्तित्व का विकास होता है बल्कि भविष्य के रास्ते भी प्रशस्त होते हैं। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने कहा कि लाडो सम्मान समारोह का उद्देश्य उन छात्राओं को मंच देना है जो सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि ऐसी बालिकाओं को समाज के सामने लाकर उनका आत्मबल बढ़ाया जाए और उन्हें उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इस अवसर पर एटीओ प्रियंका लांबा, प्रेरणा कालेर, प्रधानाचार्य जमुना झाझडि?ा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षिकाएं, बालिकाओं के अभिभावक और समाजसेवी मौजूद रहे। महिला अधिकारिता विभाग से उषा कुल्हरी, पूजा, रेखा जांगिड़, मनोज स्वामी, सुनीता, टीना भी उपस्थित रही।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ परिणाम लाने पर प्रिंस पुत्र संदीप चौधरी, अंतिमा पुत्री श्याम सुंदर, रविना गुर्जर पुत्री स्व रमेश चन्द्र, नेहा पुत्री संजय कुमार, मुस्कान बानो पुत्री अब्दुल रहमान, प्रीति कुमारी पुत्री कैलाश, सानिया पुत्री रमेश लूनिया का सम्मान किया गया। वहीं खेल में अव्वल आने पर अलिना पुत्री मुश्ताक, रविना गुर्जर पुत्री रमेश चन्द्र, सरिता पुत्री मुकेश, रितिका पुत्री राजकुमार, रविना पुत्री मुकेश, कलशुम पुत्री आसिफ का तथा भामाशाह के रूप में उमर कुरैशी का सम्मान किया गया

फोटो-55

## उर्वरक विक्रेताओं का कृषि उत्पादन में अहम योगदान : कुलहरि



**झुंझुनू।** कृषि विज्ञान केन्द्र आबूसर में 15 दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों को सही समय पर गुणवत्तापूर्ण आदान और जानकारी उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से किसानों को सरकार की अनुदानित योजनाओं की जानकारी देने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने हरियालो राजस्थान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक कल्पवृक्ष लगाया। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राजेन्द्र लांबा ने प्रशिक्षणार्थियों से सीखी गई जानकारियों को किसानों तक पहुंचाने और उर्वरकों का रिकॉर्ड संधारण करने की सलाह दी। उन्होंने अंधाधुंध उर्वरक उपयोग से किसानों की बढ़ती लागत और घटते मुनाफे पर चिंता जताते हुए गुणवत्तापूर्ण आदान उपलब्ध कराने पर जोर दिया। केन्द्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ दयानंद ने बताया कि यह 14वां प्रशिक्षण बैच था, जिसमें अब तक जिले के लगभग 450 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनमें से कई ने उर्वरक विक्रय लाइसेंस प्राप्त कर अपना व्यवसाय शुरू किया है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से सीखी गई जानकारी को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने की अपील की। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ रशीद खान ने बताया कि प्रशिक्षण में सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी के साथ–साथ कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने भी मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने इसे बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बेहतरीन अवसर बताया। कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक राजेंद्र नागर, प्रदीप, देवीलाल, रमन मीणा सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

## स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे

**संगरूर, 5 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, पुलिस लाइन, संगरूर में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन एवं प्रवासी भारतीय मामले मंत्री, श्री संजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म अदा करेंगे। यह जानकारी एसडीएम, चरणजोत सिंह वालिया ने आज यहाँ जिला प्रशासनिक परिसर में जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस समारोह के लिए पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## कॉनफेड द्वारा किया जा रहा सहकार राखी उत्सव-2025 का आयोजन,



**जयपुर, 5 अगस्त। रक्षा बंधन पर्व पर राखी सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध करवाने के लिए** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा नेहरू सहकार भवन के भूतल स्थित हॉल में 4 से 8 अगस्त तक सहकार राखी उत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यहां लगाई गई स्टॉल्स पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों के साथ ही मिठाई, नमकीन, कुकीज, मिलेट उत्पाद एवं सजावटी आइटम उचित दर पर उपलब्ध हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने मंगलवार को स्टॉल्स का अवलोकन कर उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा इस पहल के लिए कॉनफेड की सराहना की। अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) एवं कॉनफेड की प्रबंध निदेशक श्रीमती शिल्पी पांडे, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) एवं कॉनफेड के महाप्रबंधक श्री राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। कॉनफेड के अधिकारियों ने बताया कि स्टॉल्स पर कुन्दन की राखी, पेंडल राखी, रोली-मोली वाली राखी, पेयर राखी, चूड़ा राखी, राम राखी, श्रवण सहित बच्चों के लिए यूनिकॉर्न राखी, भीम राखी, कैमरा राखी, मिकी माउस राखी, लाइटिंग वाली राखी और इरेजर वाली राखी जैसी विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां बाजार से कम दरों पर उपलब्ध है। साथ ही, राजीविका एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई रंग-बिरंगी हस्तनिर्मित राखियां भी उपलब्ध करवाई गई हैं। इसी प्रकार, सहकारी समिति द्वारा घर में बनाये गए उत्पाद यथा- गुड़ की मठरी, गुड़ के पारे, मिलेट्स की मठरी, अचार, पापड़ आदि के साथ ही राजीविका एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार सजावटी आइटम, लाख की चूड़ियां, हैण्डमेड बैंगल्स आदि भी उपलब्ध हैं। सहकारिता विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही आमजन भी यहां से किफायती दरों पर खरीददारी कर सकते हैं।

## शिव शक्ति सेवा ग्रुप की ओर से बाबा अमरनाथ की बफार्नी झांकी, व भव्य श्रृंगार कर सम्मान समारोह संपन्न किया



**देश का दर्पण न्यूज**

**जयपुर,**आज बाबा गुरुवेश्वर नाथ मंदिर गुरु नानक कॉलोनी में बाबा अमरनाथ बफार्नी बाबा की झांकी सजाकर भव्य श्रृंगार किया गया, मंदिर को फूलों व रोशनी से सजाया गया कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ,समाजसेवीयो का सम्मान किया गया कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, अर्जुन दास करमचंदानी,नेमी गुर्जर , पार्षद मानक शर्मा,राजेश टहलानी. गुरुमुख दास पमवानी , समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, राज कलवानी.शीतल वरजानि. राज सतवानी. रमेश हरपलानी, गणेश राजपाल, दीवान रावतानी,नंदलाल थदानी.लखन हिरानी.धर्मेंद्र पमवानी . हरीश गेहानी.भरत कोरवानी. दौलत कलवानी. मेगराज राघानी. मनोज राघानी. वासुदेव राघानी.किशनसोनी( गुरसाब),राजकलवानी .रामकलवानी.महेश नवलानी,नीरज चेलानी. करन अलवानी,दिलीप कोरवानी,विजयसतवानी.प्रिंस वासवानी.लोकेश वासधनी.हेमंत चंदानी.जेठानंद सोनी.श्याम कर्मचंदानी.मनीष सोनी.पंकजपंजाबी.हर्ष कलवानी,कियान पमवानी ,अमित पमवानी, प्रकाश कोरवानी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## एनएचएआई चेयरमैन ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को पंजाब में रुकी हुई राजमार्ग परियोजनाओं पर तत्काल कार्रवाई का दिया आश्वासन

**लुधियाना, 05 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )पंजाब के कैबिनेट मंत्री** संजीव अरोड़ा ने सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से मुलाकात की और लाडोवाल बाईपास और दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के बीच बेहतर संपर्क के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार का अनुरोध किया। उन्होंने लुधियाना-रूपनगर परियोजनाओं और दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पैकेज 8, 10 और 11 के शेष कार्यों के लिए नए टेंडर आमंत्रित करने का भी आग्रह किया। सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने एनएचएआई चेयरमैन का ध्यान लाडोवाल बाईपास को दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली सड़क के महत्व की ओर दिलाया।

# राजस्थान को जल संकट से मुक्ति दिलाना मेरा संकल्प, ऐतिहासिक साबित होगा 'यमुना जल समझौता' — मदन राठौड़

**जयपुर, 05 अगस्त 2025।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि 'यमुना जल पाइप लाइन परियोजना' को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस और तेजी से कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। यह परियोजना राजस्थान के जल-संकटग्रस्त जिलों — चूरू, सीकर, झुंझुनूं — सहित कई क्षेत्रों को राहत देने जा रही है, इससे न केवल जल संकट कम होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास की एक नई धारा बहेगी।

जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने राज्यसभा में जानकारी दी कि राजस्थान और हरियाणा सरकारों के बीच इस परियोजना हेतु समझौता ज्ञापन (टङ्कव) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इसके तहत हथिनीकुंड बैराज से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से यमुना जल राजस्थान के जिलों तक स्थानांतरित किया जाएगा। यह प्रस्तावित है कि जुलाई से अक्टूबर के बीच 577 मिलियन क्यूबिक मीटर (टउट) जल इन क्षेत्रों तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए राजस्थान में एक परामर्शदाता की नियुक्ति की जा चुकी है और दोनों राज्यों द्वारा संयुक्त कार्यबल का गठन भी कर लिया गया है, ताकि परियोजना का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्तायुक्त रूप से सुनिश्चित किया जा सके।



सांसद मदन राठौड़ ने इस ऐतिहासिक प्रगति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और प्रदेश की डबल इंजन सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ह्लयह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी जी के ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल के विजन का सशक्त उदाहरण है। राजस्थान की जनता के लिए यह एक नई उम्मीद की किरण है। यह सिर्फ एक पाइपलाइन नहीं, बल्कि राजस्थान को जल संकट से मुक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना न केवल 1994 के यमुना जल समझौते के तहत राजस्थान के हिस्से के जल को सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास है, बल्कि वर्षों से चली आ रही जल असमानता को दूर करने की दिशा में एक बड़ी पहल भी है।

इससे लाखों लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा, कृषि क्षेत्र को संबल मिलेगा, और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जीवन गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

## काछोला में बजरंग व्यामशाला के बाहर पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पौधारोपण किया

**सुरज वर्मा**

काछोला में बस स्टैंड के नजदीक बाग के बालाजी रोड व बजरंग व्यामशाला के बाहर पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पौधारोपण किया !

काछोला सार्वजनिक धर्मशाला ट्रस्ट के संरक्षक वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि आज काछोला निवासी कैलाश चंद प्रजापति द्वारा गांव की मुख्य जगह पर पौधारोपण किया जिसमें प्रजापति द्वारा आम , बड़,नीम अशोक , कदम आदि के पौधे लगाकर उनके सुरक्षा के गार्ड लगाकर पौधे को पालने की जिम्मेदारी ली ।इस दौरान काछोला सरपंच रामपाल बलाई ने कहा कि काछोला ग्राम पंचायत की सभी सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या पौधारोपण किया जाएगा ।पौधारोपण के दौरान काछोला सरपंच रामपाल बलाई सार्वजनिक धर्मशाला ट्रस्ट के संरक्षक वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, डॉक्टर एन के सोनी, रमेश चंद्र बसेर वार्डपंच घनश्याम पोरवाल सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई कैलाश धाकड़ प्रेमचंद धोबी, पप्पू धाकड़ , संजय पारीक आदि मौजूद रहे

**न्यूज फ्लैश**

## 19 साल से अपहरण के मामले में फरार चल रही जिला स्तरीय टॉप-10 ईनामी आरोपिया को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस थाना शाहपुरा के प्रकरण संख्या 577/2006 धारा 363, 336, 376, 120बी भादस में आरोपिया अनिता पुत्री हीरालाल जाति रैगर निवासी हांसपुर थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर वर्ष 2006 से ही फरार चल रही थी जो राजस्थान के अलग-अलग जिलों में अपना नाम पता बदल कर रह रही थी जो ना ही अपने पास मोबाइल रखती थी जिसको खोज पाना बडा मुश्किल था। आरोपिया की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां के सुपरविजन में डीएसटी टीम से श्री रामनिवास हैड कानि. 424 व श्री सतेन्द्र सिंह हैड कानि. 376 को निर्देश दिए गए। डीएसटी टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए आरोपिया के रहने का पता लगाया तो आरोपिया ईलाका थाना भट्टा बस्ती जयपुर शहर में मुस्लिम व्यक्ति के साथ अपनी पहचान बदलकर मुस्लिम बनकर रह रही थी जिसने अपना नाम रुकसार रख रखा था। डीएसटी टीम द्वारा मुस्लिम बनकर भट्टा बस्ती ईलाके में तीन दिन तक आरोपिया के निवास की तस्दीक की तथा आज दिनांक 05 .08 .2025 को आरोपिया के निवास पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से श्रीमती नीलम महिला कानि. 1409, श्रीमती गीता महिला कानि. 2062, श्री प्रेम सिंह कानि. 196 व संजय कानि. 2002, श्री तेजपाल कानि. 2156 डीएसटी को साथ लेकर दबिश देकर आरोपिया को डिटेन कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपिया की गिरफ्तारी में श्री रामनिवास हैड कानि. 424 डीएसटी व श्री सतेन्द्र सिंह हैड कानि. 376 डीएसटी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

## मंदिर में नकबजनी की वारदात करने वाले 3 आरोपीयों को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है दिनांक 27 .07 .2025 को परिवादी श्री राजेश कुमार पुत्र श्री नवल किशोर शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी बोबास पुलिस थाना जोबनेर जिला जयपुर मय अन्य ग्रामीणों ने गली वाले बालाजी मंदिर बोबास में हुई चोरी के संबंध में एक रिपोर्ट इस आश्य की पेश की कि दिनाक 27 .07 .2025 को करीब रात्री को गली वाले बालाजी मंदिर बोबास में अज्ञात चोर सोने चांदी के आभूषण, बर्तन, दानपात्र व नकदी चोरी करके ले गये हैं। आदि पर पुलिस थाना जोबनेर पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिले में बढती हुई चोरियों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के निकट सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जोबनेर श्री सुहैल उप निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए प्रकरण में नकबजनी करने वाले आरोपियों काना उर्फ नान्च्या बावरिया, जगदीश बावरिया व नानुराम उर्फ जीतु बावरिया को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनका पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर माल बरामदगी के प्रयास व अनुसंधान जारी है। आरोपियों ने कालाडेरा में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर खंड ढांड में विशेष मीटिंग, ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा सफाई अभियान

**ढांड (कृष्ण प्रजापति):**



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) जगजीत सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खंड ढांड के सभी ग्राम सचिवों को विशेष निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई अभियान को पूरी गंभीरता से चलाएं।

मीटिंग के दौरान जगजीत सिंह ने निर्देश दिए कि खंड के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में विशेष तौर पर स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम सचिवालयों और अस्पतालों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि इसे रोजमर्रा की आदत बनाना होगा।

इस अवसर पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर राजबीर (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण), डीईओ मनोज, मनरेगा एबीपीओ मीनाक्षी, और सरिता सैनी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने एकजुट होकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और उसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

खंड ढांड में आगामी दिनों में चलाया जाएगा विशेष सफाई अभियान, जिसमें पंचायतें, स्थानीय स्कूल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य संस्थाएं मिलकर भाग लेंगी। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा 10 से 14 अगस्त तक निकालेगी 'हर घर तिरंगा यात्रा', भाजपा कार्यकर्ता घर—घर फहराएंगे तिरंगा :— अशोक परनामी

**जयपुर, 5 अगस्त 2025।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक अशोक परनामी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। अभियान के तहत 10 से 14 अगस्त तक प्रदेशभर में मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालेंगे। इस दौरान भाजपा के सभी मंडलों में पैदल मार्च निकालने के साथ युवा मोर्चा की ओर से बाइल रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहरायेंगे। इसके साथ ही 15 अगस्त की शाम को भाजपा कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उतारा भी जाएगा।




भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अभियान संयोजक अशोक परनामी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता 12 से 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी शहीद स्मारकों, शहीदों की प्रतिमाओं पर सफाई ?अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही युद्ध वीरों, शहीदों के परिजनों को भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित भी करेंगे और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य बटालियन के जवानों का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही तिरंगा यात्रा में हमारे वीर शहीदों की तस्वीरें, हमारे सैन्य हथियारों की तस्वीरे हाथ में लेकर भारत माता के जयकारे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर भाजपा की जिला, संभाग और प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इस टोली की प्रदेश कार्यशाला 7 अगस्त को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

अभियान संयोजक अशोक परनामी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के साथ भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाएगी। आजादी से पूर्व पाकिस्तान से भारत लौट रहे हिन्दुओं के साथ कत्लेआम, बलात्कार और हत्या जैसे वीभत्स दृश्यों को आज कोई भूल नहीं सकता। आज की युवा पीढ़ी को इन जघन्य अपराधों की जानकारी देने के लिए भाजपा विभीषिका दिवस मनाएगी। इस दिन भाजपा कार्यकर्ता मौन जुलूस निकालेंगे और मंडल एवं जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित कर युवाओं को पूर्व परिस्थितियों से अवगत करवाएंगे। प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

# अभियान में कुल 37 वांछित अपराधियों को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों, उद्घोषित अपराधियों, 335 बीएनएसएस में गिरफ्तारी वारण्टियों, ईनामी अपराधियों, सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक ईनामी अपराधी, स्थायी वारण्टी व अन्य वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां के सुपरविजन में तथा डीएसटी टीम जिला जयपुर ग्रामीण व सेक्टर मुख्यालय की दो स्पेशल टीमों व थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीमों द्वारा अभियान में आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए कई वर्षो से फरार चल रहे 13 ईनामी / टॉप-10 अपराधियों, 24 स्थायी वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 01 टॉप-10 व 11 स्थायी वारण्टियों का अन्य तरीके से निस्तारण किया गया है। इस प्रकार अभियान में कुल 37 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 12 अन्य तरीके से अपराधियों के वारण्टों का निस्तारण करवाया गया है।

जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा आगे भी समय समय पर इसी तरह से अभियान चलाकर वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

अभियान में गिरफ्तार किये गये ईनामी / टॉप-10 अपराधियों का विवरण।

पप्पू पुत्र प्रभु दयाल जाति मीणा निवासी सांवलपुरा थाना थाना अजीतगढ़ जिला सीकर ।

1.2. शिवराम पुत्र रतनलाल जाति मीणा निवासी दण्ड थाना बैजूपाड़ा मानपुर जिला दौसा को सिकंदरा जिला दौसा।

मुस्तकीम पुत्र आस मोहम्मद उर्फ मोहम्मद आशा निवासी घासेडा थाना सदर नूंह जिला नूंह।

3.4. अनिता पुत्री हीरालाल जाति रैगर निवासी हांसपुर थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर।

5.कृष्ण पुत्र बंशीधर जाति यादव निवासी बडोदियों थाना मनोहरपुर।

6.नमो उर्फ रामनारायण पुत्र मंगलाराम जाति मीणा निवासी डाब का नला चिमनपुरा थाना आमेर।

7.बाबूलाल पुत्र रामपाल जाति गुर्जर निवासी ककराना थाना विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़।

8.जगदीश उर्फ कालूराम पुत्र साधुराम लोमोड निवासी बहलोड थाना रायसर जिला जयपुर।

9.हरकेश पुत्र रामलाल जाति मीणा निवासी सोमनाथ नगर जिला दौसा।

10.नफिश पुत्र मोहम्मद रफीक जाति शेख मुसलमान निवासी मकान नंबर 898 लोधों की गली मोती डूंगरी रोड़ थाना लालकोठी जयपुर।

11.पवन पुत्र सांवरमल जाति मीणा निवासी मीणों का मौहल्ला तन मोरिजा थाना सामोद जिला जयपुर।

12.शिम्भूदयाल पुत्र रामावतार जाति बावरिया निवासी दयाल की नांगल पुलिस थाना डाबला जिला सीकर।

13.सुभाष पुत्र रामलाल जाति मादव निवासी मया कुआ की तन पासीपुरा।

## दिल्ली निवासी हिमांशु को मिला नया जीवन, नारायण सेवा केंद्र कैथल ने भेंट किया कृत्रिम पैर

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सेवा ही संकल्प के उद्देश्य को साकार करते हुए नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। आज संस्थान के नारायण सेवा केंद्र कैथल में एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण देखने को मिला जब दिल्ली निवासी हिमांशु को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया।



कुछ समय पूर्व एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में हिमांशु ने अपना पैर खो दिया था। इस हादसे ने न केवल उनके शरीर को नुकसान पहुँचाया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और जीवन की दिशा को भी गहरा झटका दिया। लेकिन आज, नारायण सेवा केंद्र कैथल के सहयोग से हिमांशु को केवल कृत्रिम अंग ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और आशा की नई किरण प्राप्त हुई।

हिमांशु की आंखों में खुशी और भावुकता के मिले-जुले भाव स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। यह कृत्रिम पैर उनके लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक बन गया है।

नारायण सेवा संस्थान परिवार द्वारा किए गए इस सेवाभाव ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज सेवा को संकल्प बना लिया जाए, तो कोई भी असंभव कार्य संभव हो जाता है। संस्थान के पदाधिकारी डॉ विवेक गर्ग ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ अंग देना नहीं, बल्कि जीवन में उम्मीदें लौटाना है। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। यह प्रेरणादायक कार्य न केवल हिमांशु के जीवन में उजाला लाया, बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य है।

## पुलिस थाना कालाडेरा ने एसबीआई बैंक कालाडेरा मे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 09 लाख रुपए का लोन लेने के मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 09.02.2024 को परिवादी श्री मूलचन्द जाट शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक कालाडेरा जिला जयपुर ग्रामीण ने एक रिपोर्ट दर्ज करवायी की आरोपी किशोर कुमार ने अपने आप को हउफ जयपुर में कार्यरत बता कर धोखाधड़ी पूर्वक फर्जी कूटरचित वेतन पर्ची लगा कर एसबीआई बैंक कालाडेरा से 09 लाख रुपए का लोन प्राप्त कर किश्त जमा नहीं कराया है। आदि पर पुलसि थाना कालाडेरा पर प्रकरण संख्या 36/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में दौराने अनुसंधान हउफ जयपुर रेल्वे से रिकार्ड प्राप्त किया गया




तो उक्त नाम से कोई कर्मचारी कार्यरत होना नही बताया जिस पर लोन लेने मे दिये गये दस्तावेज बैंक से रिकार्ड प्राप्त कर तलाश शुरू की गई तो लोन अंकाउन्ट मे अंकित पते पर आरोपी किशोर शर्मा नाम का कोई व्यक्ति रहना नहीं पाया गया। आरोपी ने किसी दूसरे के आधार कार्ड में अपना फोटो व नाम पता एडिट करवा दिया।

प्रकरण मे आरोपी के लोन ट्रांसफर खाते का रिकार्ड प्राप्त किया गया तो मुल्जिम किशोर कुमार शर्मा निवासी रेल्वे कालोनी कोटा का होना पाया गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृताधिकारी गोविन्दगढ़ श्री राजेश जांगिड के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी कालाडेरा श्री बाबूलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए मुल्जिम के कोटा निवास स्थान पर दबीश देकर आरोपी कमल किशोर शर्मा को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोन लेना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## खाद संकट को लेकर किसानों का रोष, सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन

**नरेंद्र मागो माजरी बोले : किसानों को खाद न मिलना सरकार की विफलता**

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):**





हरियाणा में यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत से जूझ रहे किसानों ने शनिवार को जिला सचिवालय में पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेताया कि यदि जल्द खाद उपलब्ध नहीं करवाई गई, तो बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

किसान-मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महाबीर चहल नरड़ ने कहा कि समय पर खाद न मिलने से फसलें खराब हो रही हैं और किसानों की मेहनत पर पानी फिरता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तत्काल खाद की व्यवस्था नहीं की, तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी और गुरनाम सहारन ने कहा कि महंगाई की मार झेल रहे किसान अपनी जीविका के लिए पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं लेकिन उचित समय पर खाद और दवाइयां न मिलने से फसलों में बोनेपन की समस्या आ रही है, जिससे किसान खड़ी फसल को नष्ट करने को विवश हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दे। किसान जिले सिंह मोर (शिमला निवासी) ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कागजों में खाद दिखा देने से नहीं, धरातल पर खाद की उपलब्धता से ही किसान की समस्या हल होगी। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि वह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करे। इस मौके पर बलकार मलिक खुराना, बिता मलिक, कृष्ण मालखेड़ी, बनी सिंह राणा, सतपाल दिल्लोवाली, कुलदीप मलिक जाखौली, पाला मलिक, राजेश मलिक, बिंदर गिल, परदीप कुराड, कृष्ण जाखौली, लक्ष्य मौन सहित कई किसान उपस्थित रहे।


किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि खाद की समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार हैं।

# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार राष्ट्रविरोधी मानसिकता का परिणाम:— मदन राठौड़

**जयपुर, 5 अगस्त 2025।** राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। राठौड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बार-बार फटकार मिलना यह दशार्ता है कि राहुल गांधी बिना तथ्य के, गैर-जिम्मेदाराना और राष्ट्रविरोधी बयानबाजी करते रहे हैं, विशेषकर भारतीय सेना के संदर्भ में। राठौड़ ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक जैसे देश की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर भी राहुल गांधी ने सेना की नीयत और कार्यशैली पर सवाल उठाए। "जब सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, तो राहुल गांधी और उनकी टीम ने यह पूछना शुरू कर दिया कि ह्यकितने मरेह्ल, ह्यकहाँ मरेह्ल, ह्यक्या सबूत हैंह्ल? क्या ये सब उन्होंने जाकर खुद देखा था?" उन्होंने कहा कि जब गलवान में हमारी सेना चीन की आर्मी को अपनी वीरता का प्राक्रम दिखा रही थी, तब राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कह रहे थे कि हमारी सेना चीनी आर्मी से पिट रही है, यह आश्चर्य और शर्मनाक बात है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने चीन के मुद्दे पर भी राहुल गांधी के बयान को 'अनर्गल और तथ्यहीन' बताते हुए कहा कि "1962 में जब देश के प्रधानमंत्री नेहरू थे, तब चीन ने जमीन हड़पी थी।

आज जब हमारी सेना पूरी मजबूती से खड़ी है, तब भी राहुल गांधी कहते हैं कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन ने ले ली। सुप्रीम कोर्ट ने भी यही सवाल किया झ क्या आपके पास कोई तथ्य हैं?" राठौड़ ने सावरकर पर



दिए गए राहुल गांधी के बयानों की भी तीखी आलोचना करते हुए कहा कि "सावरकर जैसे क्रांतिकारी जिन्होंने तीन बार कालापानी की सजा भुगती, उनके त्याग और बलिदान का अपमान राहुल गांधी ने किया। अंग्रेजों को लिखे पत्रों की भाषा को माफीनामा बताना अज्ञानता है। महात्मा गांधी तक ने 'योर्स ओबिडियेंट सर्वेंट' जैसे शब्दों का प्रयोग किया था तो क्या गांधी ने माफी मांगी थी, नहीं ? वह उस समय की औपचारिक शैली थी, न कि कोई माफीनामा।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के सरनेम पर दिए गए बयान को जातिगत अपमान की श्रेणी में बताते हुए कहा कि "विपक्षी नेता एक ओबीसी समुदाय को जान बूझकर निशाना बना रहे है।

इसी कारण माफी मांगनी पड़ी और न्यायालय की कार्यवाही का सामना भी करना पड़ा।" गृहमंत्री अमित शाह के कार्यकाल को लेकर राठौड़ ने कहा कि यह अब तक का सबसे प्रभावशाली कार्यकाल रहा है। अमित शाह ने अनुच्छेद 370 और 35अ जैसे ऐतिहासिक फैसले लेकर जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा, वहीं नागरिकता संशोधन कानून के तहत पाकिस्तान और अन्य देशों से प्रताड़ित होकर आए हिंदुओं को नागरिकता दी गई। राठौड़ ने कहा कि "यूनिफॉर्म सिविल कोड लाकर देश में समानता और न्याय की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। अमित शाह का योगदान न केवल उल्लेखनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय भी रहेगा।

# फोटोग्राफी से जुड़ी समस्याओं का किया जायेगा समाधान

**इटावा।** फोटोग्राफी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और तकनीकी चुनौतियों को लेकर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में शहर के अनेक युवा, प्रोफेशनल फोटोग्राफर और फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन समस्याओं का समाधान बताया गया, जिनका सामना वे फील्ड में फोटो खींचते समय करते हैं।वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि फोटो में शार्पनेस क्यों नहीं आती और ग्रुप फोटो में किनारे खड़े लोगों के चेहरे विकृत या धुंधले क्यों हो जाते हैं। साथ ही, यह भी बताया गया कि सामान्य ऊरछफ (क्रॉप सेंसर) कैमरे से भी कैसे बेहतरीन तस्वीरें ली जा सकती हैं। कार्यक्रम में यह भी चर्चा की गई कि ग्रुप फोटो के दौरान केवल कुछ ही चेहरों पर फोकस क्यों आता है और बाकी हिस्सा क्यों ब्लर रहता है।कई प्रतिभागियों ने यह चिंता भी जाहिर की कि महंगे कैमरे



खरीदने के बाद भी मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। इस पर ट्रेनर्स ने रंग संतुलन, सही लेंस चयन, और फोकसिंग तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। आधुनिक कैमरा मॉडल्स की तेजी से आ रही अपडेट्स और उनसे फोटोग्राफी व्यवसाय पर पड़ने वाले असर को लेकर भी चर्चा की गई, जिससे बजट की समस्या आम फोटोग्राफर्स के लिए चिंता का विषय बनी रहती है।कैमरे के जटिल मेनू ऑप्शन और सेटिंग्स में बदलाव करने से जुड़ी आशंकाओं को भी संबोधित किया गया, ताकि फोटोग्राफर्स बेझिझक प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में स्टेज या अन्य रंगीन छएऊ लाइट वाली जगहों पर फोटो खींचने में होने वाली परेशानियों को भी तकनीकी रूप से समझाया गया।चेहरे की लंबाई-चौड़ाई और आकृति (रँस्त्री) को प्राकृतिक रूप में कैमरे में कैसे लाया जाए, इस पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। सही लेंस के चुनाव की प्रक्रिया, उनकी विशेषताओं, और विभिन्न शॉट्स के अनुसार लेंस चयन के बारे में भी बताया गया। मोबाइल कैमरों की बढ़ती क्वालिटी के बीच ऊरछफ की उपयोगिता और श्रेष्ठता के पहलुओं पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि फोटोशूट के दौरान न्यूनतम और अधिकतम शटर स्पीड कितनी होनी चाहिए ताकि हर प्रकार की गतिविधि को बेहतरीन ढंग से कैप्चर किया जा सके। वर्कशॉप का उद्देश्य प्रतिभागियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उनके फोटोग्राफी व्यवसाय को आधुनिक मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाना था।बृजमोहन चौधरी (बबलू), राधेश्याम (चौधरी राधिका स्टूडियो), वीरेंद्र सिंह भदोरिया, हरेंद्र प्रताप सिंह (पिंटू), भानु भदोरिया, टिल्लू दीक्षित, विनय कुमार (मीडिया प्रभारी), सिंटू तोमर, नसीम मंसूरी,अमित राठौर (फरुर्खाबाद), संजू कोहली, कुलदीप कुमार सिंह (जालौन),अवधेश कुमार (एटा), अवधेश कुमार, मौजूद रहे।

## एमआरएफ सेंटर में होगा कूड़े का निस्तारण सूखे कूड़े की हो रही छटनी



**एटा**

**अलीगंज।** एमआरएफ सेंटर पर हो रहा है कूड़े का निस्तारण सफाई कर्मचारियों के द्वारा सूखे कूड़े की हो रही है छटनी। नगर में नहीं लगते हैं कूड़े के ढेर बरसात के समय में हो जाती है जल भराव की समस्या।

शासन के द्वारा नगर में एमआरएफ सेंटर 2023 में बनकर तैयार हुआ था लगभग 1 साल से कूड़ा निस्तारण का कार्य एमआरएफ सेंटर पर किया जा रहा है अंजली श्रीवास्तव मोहल्ला काशीराम द्वारा बताया गया कि नगर पालिका परिषद के द्वारा दो डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं जिसमें गीला और सूखा कूड़ा डालकर सुबह नगर पालिका परिषद के ट्रैक्टर में डाल दिया जाता है एमआरएफ केंद्र बनने से नगर में अब कूड़े के ढेर नहीं दिखाई देते हैं सुबह शाम सफाई कर्मचारी नालियों तथा सड़कों पर भी साफ सफाई करते हैं

प्रतीक वर्मा मोहल्ला गोविंद दास द्वारा बताया गया कि सरकार के द्वारा दिए गए धन से नगर पालिका परिषद के द्वारा एमआरएफ सेंटर जब से बना है तब से कूड़े के ढेर नगर में लगना बंद हो गए हैं नगर पालिका परिषद के द्वारा सभी घरों में दो-दो डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं परंतु उसके बावजूद भी लोग सड़कों पर कूड़ा फेंक देते हैं उन्होंने सभी लोगों से अपने घरों में कूड़ा डस्टबिन में डालकर कूड़े वाली गाड़ी में डालने की अपील की है

पालिका प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता ने बताया एमआरएफ सेंटर पर 8 से 10 कर्मचारी दिन रात कार्य करते हैं वह सूखा कूड़ा छांट कर अलग-अलग करते हैं जिसके बाद सुख कूड़ा मशीनों में डाला जाता है जहां उसका निस्तारण किया जाता है नगर में साफ सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहते हैं नगर में कहीं भी कूड़े के ढेर नहीं लगते हैं कूड़ा वहान से कूड़ा निर्धारित स्थान पर भेजा जाता है उन्होंने बताया जल भराव की समस्या केवल बरसात में हो रही है जल भराव नगर में ना हो इसके लिए नाले का निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है नाला पूर्ण होने के बाद जल भराव की समस्या भी समाप्त हो जाएगी उन्होंने बताया नगर में 2 साल में 25 से 30 सीसी सड़क बनाई जा चुकी है और काफी गलियों में सीसी रोड का कार्य चल रहा है साफ सफाई को लेकर नगर में कोई समस्या नहीं है सफाई कर्मचारियों को सुबह शाम हर गली मोहल्ले में भेजा जाता है तथा नगर के लोगों से भी अपील की जाती है घरों का कूड़ा डस्टबिन में डालें या सफाई वहान में डालें जिससे सफाई कर्मचारी निर्धारित स्थान पर कूड़ा फेंक सके। उन्होंने बताया अभी कुछ स्थानों पर जल भराव हो जाता है उन जगहों पर पंपिंग सेट लगवा कर पानी निकलवाया जाता है। नगर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं आने वाले समय में नगर के चारों तरफ बिना किसी भेदभाव के विकास का कराए जाएंगे।

## पुलिस ने महिला समेत तीन वारंटी को पकड़कर जेल भेजा

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना किशनपुर पुलिस द्वारा एसटी वारंटी अभियुक्त रणधीर सिंह उर्फ कल्लू पुत्र राममनोहर उर्फ छेद्दू उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम इटौलीपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया। थाना खागा पुलिस द्वारा थाना सुल्तानपुर घोष से संबंधित वारंटी अभियुक्त छेद्दन उर्फ छेदीलाल पुत्र रतई चमार निवासी ग्राम आलमतारा मजरे हसनपुर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार थाना मलवा पुलिस द्वारा एसटी वारंटी अभियुक्ता सोनी देवी पत्नी सुरेश बाबू निवासिनी जगन्नाथपुर थाना मलवा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# धूमधाम से मनाई राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती

**चित्रकूटः** गहोई वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 139वीं जयंती समारोह गहोई उत्सव के रुप में चित्रकूट इण्टर कॉलिज में मनाई गई। जिसमें सामान्य ज्ञान व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों सहित समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जीवन शैली व उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। साथ ही उनकी प्रसिद्ध रचनाओं के बारे में भी बताया गया। गहोई वैश्य समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाब गुप्ता ने बताया कि इस दौरा आयोजित कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा गुप्ता, द्वितीय स्थान तन्मय गुप्ता व तृतीय स्थान श्रेय गुप्ता ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रद्धा गुप्ता, द्वितीय स्थान रचना गुप्ता व तृतीय स्थान जय देवी गुप्ता ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान सृष्टि गुप्ता, द्वितीय स्थान समृद्धि गुप्ता व तृतीय स्थान अक्षत सेठ ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्रेया गुप्ता, द्वितीय स्थान अंशिका पहारिया व तृतीय स्थान पंखुड़ी पहारिया ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंखुड़ी पहारिया, द्वितीय स्थान यशस्वी पहारिया व तृतीय स्थान शिसिका बरसैया को प्रदान किया गया। इसके अलावा फामेर्सी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर पारस सेठ को, सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आयुष पहाड़िया को तथा वरिष्ठ समाजसेवी राजेश्वर प्रसाद, शंकर लाल सेठ, गुलाब चंद्र सेठिया, प्रकाश पहारिया, राज किशोर, संगम लाल पहारिया, हरदेव प्रसाद बरसैंया, राजकिशोर पिपरसानियां को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर समाज के अध्यक्ष मुनेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री सुधीर कुमार बरसैया, कोषाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पहारिया, सह सचिव बालकृष्ण पिपरसानियां, संगठन मंत्री रमेश चंद्र पिपरशानियां, प्रचार मंत्री जितेश बरसैया, कार्यक्रम संयोजक विजय पिपरशानियां, पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास पहारिया, सुनील कुमार सुहाने, राम लखन गुप्ता, आलोक कुमार गुप्ता, जानकी प्रसाद सेठ आदि मौजूद रहे।

## हत्या के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 क्रिकेट स्टम्प बरामद

**हंडिया ।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर जोन के थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा हत्या से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ बऊ पुत्र संजय सिंह उर्फ बबलू निवासी मिल्कीपुर नीबी थाना दुगार्गंज जनपद भदोही . सुभाष सिंह उर्फ शिब्बू उर्फ शुभ सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ग्राम सराय होला छोटका थाना दुगार्गंज जनपद भदोही को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-03.08.2025 को ग्राम मिल्कीपुर नीबी थाना दुगार्गंज जनपद भदोही के पास से गिरफ्तार किया गया ।उपरोक्त अभियुक्तों के निशांदेही पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना में प्रयुक्त 02 क्रिकेट स्टम्प बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

28 जुलाई थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत कांगापुर पुलिया के पास अब्दुल कलाम आजाद पुत्र स्व0 अब्दुल वाहिद निवासी धोबहा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात युवकों द्वारा बैट से मार-पीट कर घायल कर देने की सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया व थाना प्रभारी हण्डिया द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मजरूब अब्दुल कलाम उपरोक्त को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां ईलाज के दौरान मजरूब अब्दुल कलाम उपरोक्त की मृत्यु हो गयी ।

मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 2 अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह उर्फ डब्बू सिंह निवासी ग्राम गिर्दकोट थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. आदित्य सिंह पुत्र आनन्द कुमार सिंह निवासी ग्राम गिर्दकोट थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को पूर्व मे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है ।

## प्रधान की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई गुहार



**बांदा।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चिल्ली की सुनीता पत्नी अशोक कुमार प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि पीड़िता के पति वर्तमान ग्राम प्रधान है। पीडिता के पति दिनांक 26.जून को गौशाला व हरिजन बस्ती के जल निकासी हेतु पाइप डलवाकर सरकारी कार्य करवा रहे थे। तभी गांव के कुछ दबंग लोग मौके पर पहुंचकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर जेसीबी में ईंटा फेंककर मारने लगे और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने लगे पीड़िता के पति के द्वारा घटना का वीडियो बनाने पर दौड़कर पकड़ लिया और मारपीट करने लगे तथा पीड़िता के पति के गले में पड़ी साफी का फंदा डालकर जान से मारने का प्रयास करके पीडिता के पति का मोबाइल व पीड़िता पति के ऊपर की जेब में पड़े 2000 रुपए छीनकर पीडिता के पति हाथ मरोड़ दिया जिससे पीड़िता के पति के हाथ में गम्भीर चोंटे आ गई और फैक्कर हो गया। विपक्षीगणों को थाना पुलिस गिरफ्तार करके मौके से ले गई परन्तु उसी दिन विपक्षीगणों को छोड़ दिया दिनांक 28 जुलाई को पीड़िता के पति की रिपोर्ट थाना कोततवाी देहात में

धारा 310(2).311 बी0एन0एस0 में दर्ज की गई। उक्त लोगो ने धमकी दिया है कि पीडिता के पति की हत्या करके ही जेल जायेगें। विपक्षीगणों के भय के कारण पीड़िता के घर नही आ रहे है। विपक्षीगण बिना किसी भय के खुला घूम रहे है तथा थाना पुलिस विपक्षीगणों को गिरफ्तार नही कर रही है। विपक्षीगण अज्ञात लोगो के साथ रात्रि में आते है और गाली-गलौज करके पूरे परिवार को बरबाद करने तथा मुकदमा वापस करने की धमकी देते है। यदि अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करके जेल नही भेजा गया तो उक्त मुकदमा की सही विवेचना हो पाना सम्भव नही है। विपक्षीगण गवाहों व साक्ष्यों को प्रभावित कर रहे है जो गुण्डा व दबंग किस्म के राजनीतिक प्रभावशाली व पैसेवाले व्यक्ति है। जो कभी भी मौकाश्पति व अन्य परिवारीजनों की हत्या कर सकते है या पीड़िता के पति को झूठें व गम्भीर मुकदमों में फंसा सकते है। मांग है कि गिरफ्तार करवाकर जेल भेजने व पीड़िता के पति व परिवारीजनों की जानमाल की रक्षा करने की मांग की है।

## घर घर झंडा कार्यक्रम में तिरंगा सजाने और तिरंगा बनाने की सिखाई विधि

### छात्राओं सहित सभी को घर-घर झंडा अभियान के लिए किया प्रेरित

**बांदा।** सोमवार को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा निर्देशन में समारोहिका डाक्टर सबीहा रहमानी ने ष्घर-घर झंडाष प्रशासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रम की श्रंखला में महाविद्यालय को छात्राओं से आर्ट एण्ड क्राफ्ट विधि के माध्यम से बोर्ड में तिरंगा सजाने और तिरंगा बनाने की विधि सिखायी ।




इस अवसर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह, डॉक्टर सचिन मिश्रा, उपस्थित रहे । अंत में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता ने छात्राओं के प्रयासों को सराहा और उन्हें घर-घर झंडा अभियान के लिए प्रेरित किया ।

## बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आई अपना दल एस पार्टी

**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव इस समय बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे हैं।बाढ़ से पीड़ित लोगों को प्रशासनिक मदद नाम मात्र की मिल रही हैं।आलम यह है कि बाढ़ प्रभावित लोग इस समय कोई काम न कर पाने की वजह से भूखों मर रहे हैं,वही बाढ़ प्रभावित लोगों की आवाज आज अपना दल एस पार्टी के पदाधिकारी बने हुए हैं।तहसील क्षेत्र के औगासी में बीती दिनों बाढ़ का



पानी घरों में घुसने का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह सरकारी मदद की मांग कर रहे थे ।जिस पर अपना दल एस पार्टी के लोग प्रशासन से मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की मदद करने की मांग किया है।इसको देखते हुए सोमवार को अपना दल एस पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णेन्द्र पटेल ने अपनी टीम के साथ व शिवकृष्ण मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बांदा के प्रबंधक अरुणेश सिंह के विशेष सहयोग से बबेरू तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव औगासी में राहत व खाद्य सामग्री सैकड़ों लोगों को वितरण की।

## पांच दिन बाद भी नहीं मिला युवक का शव

**जसपुरा।** थाना क्षेत्र के जसपुरा कस्बें में बीती गुरुवार की दोपहर को राधे बाल्मीकि पुत्र दुर्जन उम्र 30 साल अपने घर से कुछ दूरी पर आए बाढ़ को देखने के लिए गया हुआ था वहीं पर अचानक से नदी का पानी आ गया और वह डूबने लगा,पास में खड़े ग्रामीणों ने देखा तो उसको बचाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग उसको बचा नहीं सके।

## वांछित इनामिया अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गोवध मामलें में कई महिनों से वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी पर 7 मार्च 25 को गोवध मामलें में अभियुक्त राजबहादुर पुत्र जगदेव निवासी ग्राम कसेरुवा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

इसी क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अभियुक्त को कल शाम धीरू ढाबा कस्वा तिंदवारी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# पत्रकार अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए एकजुट होकर लड़ें : सन्नी आत्रेय

## पीपीआई के सम्मेलन में आह्वान

**जयपुर।** पीरियोडिकल प्रेस ऑफ इंडिया (पीपीआई) की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का पहला सम्मेलन रविवार को यहां गोपालपुरा स्थित पर्वतीय समाज भवन के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी आंदोलन और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।



सम्मेलन में पीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में हम पत्रकारों की अहम भूमिका है। समाज की विभिन्न समस्याओं को हम पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना उठाते हैं।

सभी साथी एक मिशन के रूप में पत्रकारिता के जरिए देश और समाज के विकास में योगदान कर रहे हैं। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में सरकारों से हमें कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। इससे पत्रकारों के समक्ष बड़ी चुनौतियां उत्पन्न हुई है। पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग लंबित है। पत्रकारों की आवास योजना भी लंबित है। छोटे अखबारों को विज्ञापन नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट है। ऊपर से पीआरजीआई के कड़े नियमों ने अनेक अखबारों को बंद करने की स्थिति बना दी।

इसी क्रम में पीपीई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पारीक ने पिछले पाँच सालों ने पी पी आई द्वारा पत्रकारों के हितों के लिए किये गए संघर्ष एवं आन्दोलन की याद दिलायी, उन्होंने कहा कि गत वर्षों में प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय के नेतृत्व में पत्रकार सुरक्षा एवं पत्रकारों को मिलने वाले परिलाभ को लेकर विभिन्न धरना प्रदर्शन राजधानी जयपुर में आयोजित किए गए हैं, साथ ही विशेष तौर पर यह आह्वान किया गया कि जब भी किसी पत्रकार साथी जरूरत या मदद की आवश्यकताओं तो सभी संगठन के साथी एक साथ खड़े होते हुए एक स्वर में आवाज को बुलंद करें, इससे एक दूसरे को संबल के साथ ही संगठन को मजबूती मिलेगी।

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार रूपेश टिंकर ने कहा कि अकेले जयपुर के 1949 अखबारों को पीआरजीआई ने डिफंक्शन करार दिया है।

ऐसे हालातों में सभी को एक दूसरे का सहयोग करते हुए चुनौतियों से पार पाना होगा। प्रेस क्लब उपाध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि हम समाज के लिए पत्रकारिता के मिशन पर आए हैं, लेकिन आजीविका के आर्थिक संकटों का सामना कर रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश चौहान ने भी एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की बात कही। संगठन के प्रदेश सचिव ओपी गोयल ने सभी पत्रकारों से एकजुट होकर सरकार से बात करने पर जोर दिया।




बैठक में पीपीआई के नव मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र देते हुए उन्हें नव दायित्व के लिए संगठन की शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने पीपीआई के विस्तार पर खुशी जताई और नव निर्वाचिच कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित की ।

प्रदेश महासचिव नरेश गुप्ता ने सभी से एकजुट होने की बात की वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पन्नालाल शर्मा ने कहा कि अभी मीडिया के हालत चुनौती पूर्ण है, सबको संयम बरतते हुआ सबको एकजुट होते हुए संघर्ष जारी रखना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में प्रदेशाध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने भविष्य में पीपीआई की कार्ययोजना एवं ज़िलेवार इकाइयों के पुनर्गठन की भी घोषणा की, साथ ही सरकार को पत्रकारों के हितों के लिए भी सरकार के सामने माँग रखने एवं धरना–प्रदर्शन की रूपरेखा साझा की।

सभी पत्रकार साथियों ने मिलकर भोजन प्रसादी का आनंद लेते हुए परस्पर संबंधों को और मजबूत किया एवं भविष्य में साथ मिलकर चलने का वादा भी किया।

कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ संगठन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे हैं जिनमेंङ्क

प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय के साथ महासचिव नरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पन्नालाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पारीक,विजय पाण्डेय, हरि कृष्ण झा, अनीश खान, ओपी गोयल,शीशराम खापुरिया,छगन तिवारी, योगेंद्र कुमार,, विष्णु साहू,लोकेंद्र,रवि किराड़,अशोक कुमार शर्मा,रूपेश टिंकर, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, आशुतोष बत्ता, दुर्गेश चौहान, अजीत शर्मा, राहुल शर्मा, रमेश कुमावत,सागर शर्मा, दिनेश धनजानी, आशीष तिवारी,अरविंद त्रिवेदी, हृदय नाथ पांचाल,शक्ति सिंह, शुभम, साबिर खान आदि कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

